# TERM-1 EXAMINATION (2025-26)
## HINDI(085)

Class : VI — Duration: **3 Hrs**
Date : 12.09.2025 — Max. Marks: **80**
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 21 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्रस्वरूपम् - | भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| | भाग 'ख' : व्याकरण | 16 अङ्क |
| | भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 30 अङ्क |
| | भाग 'घ' : पत्र लेखन | 20 अङ्क |

---

### खंड क अपठित गद्यांश (1)

प्रश्न 01 अपठित गद्यांश को पढ़करपूछे गए प्रश्नो के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

एक बार गाँधी जी के विद्यालय में निरीक्षक आए थे | गाँधी जी की कक्षा में आकर उन्होंने अंग्रेज़ी में एक श्रुतलेख {डिक्टेशन } दिया | अंग्रेज़ी के अध्यापक कक्षा में घूमते हुए गाँधी जी के पास आकर रुक गए | उन्होंने देखा कि गाँधी जी ने एक शब्द अशुद्ध लिखा है | अध्यापक ने आगे बैठे छात्र की कॉपी में देखकर गलती ठीक करने के लिए गाँधी जी को इशारा किया | गाँधी जी ने उस शब्द को वैसा ही रहने दिया | गाँधी जी नक़ल को बुरी आदत मानते थे | वह कहते थे मनुष्य अपना विकास खुद करता है अतः उसे किसी अन्य के क्रिया कलाप का अनुकरण नहीं करना चाहिए | यह गांधीजी के सत्य का पहला प्रयोग था |

(1) गांधीजी के विद्यालय में कौन आया था ? [1]

(क) निरीक्षक (ख) भिक्षक
(ग) शिक्षक (घ) परीक्षक

(2) अध्यापक ने गाँधी जी को इशारों से क्या समझाया ? [1]

(क) अपनी गलती (ख) दूसरों की गलती
(ग) गांधीजी की गलती (घ) बच्चों की गलती

(3) उन्होंने बच्चों को क्या काम दिया ? [1]

(क) श्रुतलेख (ख) सुतलेख
(ग) शीतलेख (घ) हस्तलेख

(4) अंग्रेज़ी के अध्यापक गाँधी जी के पास आकर क्यों रुक गए और उन्होंने गांधीजी से क्या कहा ? [2]

(5) गाँधी जी नक़ल को बुरी आदत क्यों मानते थे और उन्होंने इसका क्या तर्क दिया है ? [2]

प्रश्न 02 अपठित गद्यांश को पढ़करपूछे गए प्रश्नो के निर्देशानुसार उतर लिखिए -

मानव एक गरीब लड़का था | शनिवार को उसके दोस्त साहिर का जन्म दिन था | साहिर ने मानव का जन्मदिन मनाने के लिए अपने घर पर बुलाया | मानव बहुत उदास था क्योकि उसके पास उपहार देने के लिए कुछ भी नहीं था | तभी अचानक उसे याद आया कि उसके पास एक नई किताब थी जो उसके पापा ने उसे ला कर दी थी | उसमे मनोरंजन कहानियाँ थीं | मानव ने साहिर को वह किताब उपहार में दी | साहिर को मानव का उपहार बहुत पसंद आया |

(1) मानव केसा लड़का था ? [1]

(क) अमीर (ख) बहुत धनवान

(ग) गरीब (घ) शांत स्भाव

(2) साहिर का जन्म दिन किस दिन को था ? [1]

(क) मंगलवार (ख) बुधवार

(ग) शनिवार (घ) ऐतवार

(3) साहिर ने मानव को अपना जन्मदिन मनाने के लिए कहाँ बुलाया ? [1]

(क ) कक्षा में बुलाया (ख) अपने घर में बुलाया

( ग) सिनेमा घर में बुलाया (घ) पड़ोसियों के घर में बुलाया

(4) साहिर के जन्मदिन में दी गी किताब की क्या विशेषता थी ? [2]

(5) मानव ने साहिर को क्या उपहार दिया और क्यों ? [2]

खंड ख (व्याकरण)

प्रश्न 03 भाषा एवं लिपि पाठ के अनुसार उत्तर दीजिए -( कोई एक) [1]

(क) लिपि किसे कहते कहते है ?

(ख) भाषा के कितने रूप होते है | रूपों के नाम लिखिए

प्रश्न 04 व्याकरण पाठों के अनुसार उत्तर दीजिए -

(क) नीचे दिए गए शब्द का भाववाचक संज्ञा बनाए ( कोई एक) [1]

(1) मनुष्य ----------------------------------

(2) बच्चा -----------------------------------

(ख) नीचे दिए गए वाक्य को पहचानिए कि यह कौन सा सर्वनाम है | (कोई एक) [1]

(1) तुम्हारा नाम क्या है |

(2) मैँ बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूँ |

(ग) नीचे दिया गए विशेषण शब्द को पहचानिये कि यह कौन सा विशेषण है | ( कोई एक) [1]

(1) मुझे दस मीटर कपडा चाहिए |

(2) डाल पर दो चिड़ियाँ बैठी है |

प्रश्न 05 क्रिया विशेषण एवं संबंधबोधक अव्यय पाठ के आधार पर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) वाक्य से क्रिया विशेषण छाँटकर लिखिए - (कोई एक ) [1]

(1) वह थोड़ा काम करता है |

(2) मै आप की बात ध्यानपूर्वक सुनता हूँ |

(ख) संबंधबोधक अव्यय छाँटकर लिखिए - (कोई एक) [1]

(1) राम के साथ सीता भी बाजार गई।

(2) वह किताब मेज पर रखी है।

प्रश्न 06 निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिन्ह भरकर वाक्य पूरा कीजिए | ( कोई दो) [2]

(1) आज मुझे गाँव ------- बहुत याद आती है |

(2) हम बच्चों ------ पाठशाला जाना बहुत अच्छा लगता है |

(3) मनोहर ------ पुस्तक खो गई |

प्रश्न 07 नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - [ 1]

(1) जिस के माता पिता न हो ____________________

(2) सात दिनों का समूह _________________________

प्रश्न 08 उपसर्ग एवं प्रत्यय के आधार पर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(क) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द तथा उपसर्ग अलग कीजिए | ( कोई एक) [1]

(1) अनुपस्थित

(2) अपमान

(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए | ( कोई एक) [1]

(1) दार ______________

(2) आपा _____________

प्रश्न 09 क्रिया एवं काल के आधार पर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -( कोई दो) [2]

(1) अकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए |

(2) हम कल खेलेंगे | वाक्य में कौन सा काल है |

(3) सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 10 लिंग एवं पर्यायवाची पाठों के आधार पर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(1) नीचे लिखे शब्दों के लिंग परिवर्तन करके लिखें | ( कोई एक) [1]

(क) छात्र ________

(ख) बूढा________

(2) नीचे लिखे शब्द के दो --दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | ( कोई एक) [1]

(क) दोस्त --------

(ख ) पेड़ _____

प्रश्न 11 विलोम पाठ के आधार पर शब्दों के विलोम शब्द दीजिए - ( कोई एक) [1]

(1) प्रेम _____________

(2) धर्म ______________

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 12 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उतर के लिए सही विकल्प का चयन करें - [5]

विजयी ,विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊँचा रहे,हमारा |
सदा शक्ति बरसाने वाला, प्रेम सुधा भरसाने वाला |
मातृ भूमि का तन-मन सारा , झंडा ऊँचा रहे हमारा |
इस झंडे के नीचे निर्भय ले, स्वराज्य हम अविचल निश्चय |
बोले भारत माता की जय, सवतंत्रता का ध्येय हमारा |
झंडा ऊँचा रहे हमारा आओ | प्यारे वीरो जागो |
देश -धर्म पर बलि --बलि जाओ एक साथ सब मिलकर गाओ | प्यारा देश हमारा ||

(1) इस कविता के लेखक का नाम लिखिए ?

(क) सोहनलाल द्विवेदी (ख) श्याम लाल गुप्ता

(ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) रामविलास वर्मा

(2) कवि इस कविता में क्या कहना चाहते है ?

(क) अपने देश के लिए डटे रहे (ख) खाने के लिए डटे रहे |

(ग ) पड़ोसी के लिए डटे रहे | (घ) अपने घर में डटे रहे |

(3) कवि इस कविता में किस माता को जय बोलने को कह रहे है

(क) संतोषी माता (ख) लक्ष्मी माता

(ग) भारत माता (घ) काली माता

(4) इस कविता में कवि ने कैसे राज्य की कल्पना की है ?

(क) जो कभी भी ख़त्म हो (ख) जो निश्चित न हो

(ग) जो निश्चित हो और सिथिर हों (घ) काल्पनिक

(5) कथन और कारण पर आधारित प्रश्न का उचित विकल्प का चयन करके लिखिए -

कथन (A): हमारे देश का तिरंगा झंडा एकता, साहस और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

कारण (R): यह झंडा हमें देशभक्ति, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान की प्रेरणा देता है।

सही विकल्प चुनिए —

(a) कथन A और कारण R दोनों सत्य हैं तथा कारण R, कथन A का सही कारण है।

(b) कथन A और कारण R दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण R,कथन A का सही कारण नहीं है।

(c) कथन A सत्य है, लेकिन कारण R असत्य है।

(d) कथन A असत्य है, लेकिन कारण R सत्य है।

प्रश्न 13 पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [4]

(1) सवतंत्रता के रण को भीषण क्यों कहां है ?

(2) कवि ओस कणों का क्या करना चाहता था ?

(3) कवि के अनुसार हमारा धर्म कैसा होना चाहिए ?

प्रश्न 14 पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [6]

(1) कवि ने झंडे को विजयी विश्व तिरंगा प्यारा कह कर क्यों सम्बोधित किया ?

(2) कवि को ऐसा क्यों प्रतीत हो रहा है कि उपवन में दीवाली मनाई जा रही है ?

(3) कवि ओस कणो का क्या करना चाहता है ?

प्रश्न 15 पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर के लिए सही विकल्प का चयन करे - [5]

नीरज के पिता का नाम सतीश कुमार तथा माँ का नाम सरोज देवी है। नीरज बचपन में बहुत मोटे थे, जिसके कारण उनके दोस्त और दूसरे बच्चे उनका मजाक उड़ाते थे। परंतु नीरज पर इन सबका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उनके परिवार ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया। वे दौड़ लगाने पानीपत के स्टेडियम में जाने लगे। स्टेडियम में जब उन्होंने दूसरे खिलाड़ियों को भाला फेंकते हुए देखा तो उन्हें भी इस खेल में रुचि आने लगी। तब उन्होंने भाला फेंक को ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया।नीरज का बचपन से ही खेलों के प्रति रुझान था। विशेष रूप से जब उन्होंने भाला फेंक को अपना लक्ष्य बनाया, तो अनवरत उसके लिए मेहनत करते रहे। इस बीच उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी था जब नीरज के पास प्रशिक्षक नहीं था तब भी उन्होंने हार नहीं (कोच) मानी। आर्थिक स्थिति के कारण उनके परिवार के पास बढ़िया गुणवत्ता का भाला दिलाने के लिए परंतु नीरज बिना रुके सस्ता भाला लेकर ही अभ्यास कर पैसे नहीं थे।ते रहे। लेकिन इसके बावजूद उनका हौंसला बुलंद था। उनके अंदर जुनून की कोई कमी नहीं थी। धीरेधीरे नीरज के मन में कुछ - करने की लगन और सीखने की ललक पैदा होती चली गई। उनकी प्रतिभा को देखते हुए सबसे की कला पानीपत के कोच जयवीर चौधरी ने उन्हें सिखाई। पहले भाला फेंकने

(1) नीरज के पिता का नाम क्या है?

(a) जयवीर चौधरी (b) सतीश कुमार
(c) सरोज देवी (d) नीरज कुमार

(2) नीरज ने किस खेल को अपना लक्ष्य बनाया ?

(a) दौड़ (b) भाला फेंक
(c) लंबी कूद (d) कुश्ती

(3) नीरज को भाला फेंकने की कला सबसे पहले किसने सिखाई ?

(a) उनके पिता (b) उनके मित्र
(c) जयवीर चौधरी (d) उनके स्कूल के शिक्षक

(4) आर्थिक स्थिति के कारण नीरज किस प्रकार का भाला लेकर अभ्यास करते थे ?

(a) लोहे का महंगा भाला (b) लकड़ी का भाला
(c) सस्ता भाला (d) प्लास्टिक का भाला

(5) कथन और कारण पर आधारित प्रश्न का उचित विकल्प का चयन करके लिखिए -

कथन (A): नीरज ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद भाला फेंक का अभ्यास जारी रखा।
कारण (R): उनके अंदर लक्ष्य को पाने का जुनून और लगन थी।
सही विकल्प चुनिए —

(a) कथन A और कारण R दोनों सत्य हैं तथा कारण R, कथन A का सही कारण है।
(b) कथन A और कारण R दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण R,कथन A का सही कारण नहीं है।
(c) कथन A सत्य है, लेकिन कारण R असत्य है।
(d) कथन A असत्य है, लेकिन कारण R सत्य है।

प्रश्न 16 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [4]

(1) अपने बल से ज़्यादा कार्य क्यों नहीं करना चाहिए ?
(2) लेखक खुद नदी में क्यों नहीं तैरते थे ?
(3) नीरज चोपड़ा को किन किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ?

प्रश्न 17 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) [6]

(1) कल्याण सिंह जी को संस्थाओ और सरकार ने क्यों पुरस्कृत किया ?
(2) बारिश के समय गाँव में क्या परिवर्तन होता था ?
(3) जानवर खरगोश को क्यों नमन करते थे ?

## खंड घ (लेखन-कौशल)

प्रश्न 18 क्रिकेट बैट का एक सुन्दर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए- [5]

(अथवा )

छाते का एक सुंदर और आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए

प्रश्न 19 डॉक्टर और रोगी के बीच का संवाद 50 से 60 शब्दों में लिखिए| [5]

(अथवा )

परीक्षा कि तैयारी विषय पर छात्र और अध्यापक के बीच का संवाद 50 से 60 शब्दों में लिखिए|

प्रश्न 20 नीचे दिए गए विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - [5]

(क) मेरा प्रिय खेल (ख) प्रातः काल की सेर

प्रश्न 21 अस्वस्थता के कारण प्रधानाचार्य से अवकाश माँगने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए| [5]

================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ =====================